भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **2526**

**दिनांक 10 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना**

**2526. श्री अभिमन्यु सेठीः**

क्या **वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का ओडिशा के भद्रक जिले में स्थानीय रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने हेतु हरित प्रौद्योगिकी अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते उद्योगों पर केंद्रित विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा ओडिशा के तटीय क्षेत्र में क्षेत्रीय आर्थिक विकास और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों के अंतर्गत उभरते नए क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने हेतु तैयार की जा रही रणनीतियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेष आर्थिक क्षेत्रों की उक्त पहलों की सफलता, विशेषकर स्थानीय कार्यबल के लिए, रोजगार सृजन और कौशल वृद्धि के संदर्भ में मूल्यांकन हेतु प्रयुक्त विशिष्ट मानदण्डों अथवा प्रविधियों का ब्यौरा क्या हैं, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) और (ख) **:** एसईजेड अधिनियम, 2005 और एसईजेड नियम, 2006 के तहत स्थापित किए गए विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) मुख्य रूप से निजी निवेश से प्रेरित पहलें हैं। एसईजेड की स्थापना केंद्र सरकार, राज्य सरकार या किसी भी व्यक्ति द्वारा संयुक्त रूप से या अलग-अलग वस्तुओं के विनिर्माण या सेवाएं प्रदान करने या दोनों के लिए या मुक्त व्यापार भंडारण क्षेत्र के रूप में की जा सकती है। एसईजेड अधिनियम, 2005 के अधिनियमन के बाद केंद्र सरकार ने देश में कोई एसईजेड स्थापित नहीं किया है। संबंधित राज्य सरकार द्वारा विधिवत अनुशंसित ऐसे प्रस्तावों पर अधिसूचना के लिए एसईजेड के अनुमोदन बोर्ड द्वारा विचार किया जाता है। इसके अलावा, ओडिशा के भद्रक जिले में हरित प्रौद्योगिकी या इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते उद्योगों पर केंद्रित विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) स्थापित करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) और (घ) **:** एसईजेड नियम, 2006 के नियम 54 के अनुसार, एसईजेड यूनिट के निष्पादन की निगरानी एसईजेड कानून के तहत निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार की जाती है। आज की तारीख तक, ओडिशा राज्य में कुल 5 एसईजेड अधिसूचित और प्रचालनरत हैं। इन एसईजेड से उत्पन्न रोजगार, अनुलग्नक में दिया गया ।

*लोक सभा में 10 दिसंबर, 2024 के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 2526 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक*

| क्रम सं. | एसईजेड नाम | जगह | प्रकार | रोजगार (व्यक्तियों की संख्या) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उड़ीसा औद्योगिक विकास निगम (आईडीसीओ) -I | चंदका औद्योगिक एस्टेट, पीएस चंद्रशेखरपुर, तहसील भुबनेश्वर , जिला खुर्दा, ओडिशा | आईटी/आईटीईएस | 8,014 |
| 2. | सराफ एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड | छत्रपुर, गुंजम जिला, ओडिशा | खनिज आधारित उद्योग | 193 |
| 3. | वेदांता एल्युमिनियम लिमिटेड | ब्रुंदामल और कुरेबागा गांव, तहसील और जिला - झारसुगुड़ा , ओडिशा | एल्युमीनियम का निर्माण और निर्यात | 2,202 |
| 4. | उड़ीसा औद्योगिक विकास निगम (आईडीसीओ)- II | ग्राम गौडाकाशीपुर और अरिसल , तहसील जटनी , जिला खुर्दा , ओडिशा | आईटी(नॉलेज पार्क) | 4,073 |
| 5. | टाटा स्टील स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड | गोपालपुर , जिला- गंजम , ओडिशा | बहु उत्पाद | 31 |

*****